निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,
बिहार, पटना।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 12.04.2023

श्री कुन्दन कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, अंचल कार्यालय, हिलसा, जिला– नालन्दा 19,000/– रु0 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम के द्वारा आज दिनांक 12.04.2023 को निगरानी थाना कांड सं0–016/2023 दिनांक 12.04.2023 में **श्री कुन्दन कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, अंचल कार्यालय, हिलसा, जिला– नालन्दा** को 19,000/– (उन्नीस हजार) रुपये रिश्वत लेते अंचल कार्यालय, हिलसा के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

परिवादी श्री उमेश प्रसाद, पिता– जितेन्द्र कुमार वर्मा, ग्राम– घोषी, पो0– दाहा विगहा, थाना– हिलसा, जिला– नालन्दा द्वारा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में दिनांक 20.02.23 को शिकायत दर्ज कराया गया था कि आरोपी श्री कुन्दन कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, अंचल कार्यालय, हिलसा, जिला– नालन्दा द्वारा दो जमीन का छूटा हुआ जमाबंदी पुनः चढ़ाने के लिए 20,000/– रु0 रिश्वत की मांग की जा रही है।

ब्यूरो द्वारा सत्यापन कराया गया एवं सत्यापन के क्रम में आरोपी द्वारा 19,000/– रु0 रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण पाया गया। आरोप सही पाये जाने के पश्चात् उपरोक्त कांड अंकित कर अनुसंधानकर्ता **श्री विमलेन्दु कुमार गुलशन, पुलिस उपाधीक्षक** के नेतृत्व में एक धावादल का गठन किया गया, जिनके द्वारा कार्रवाई करते हुए अभियुक्त– श्री कुन्दन कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को 19,000/– रु0 रिश्वत लेते अंचल कार्यालय, हिलसा के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को पूछताछ के उपरांत माननीय न्यायालय, निगरानी, पटना में उपस्थापित किया जायेगा।

रिश्वत मांगने से संबंधित कोई भी शिकायत कार्यालय अवधि में ब्यूरो के टॉल फ्री नं0– 0612-2215033, 2215030, 2215032, 2215036, 2215037, 2999752, दूरभाष नं0–0612-2215344 एवं मोबाइल नं0– 7765953261 पर की जा सकती है।

*****

Scanned with OKEN Scanner